साई फिर से लो अवतार | By Rahul Rana

मेरे साई कुछ तो बोलो
अब अपनी आँखें खोलो
हो रहा तेरी धरती पर नरसंहार
साई फिर से लो अवतार
देवा फिर से लो अवतार
मेरे साई कुछ तो बोलो हो ....

मानव का मानव है दुश्मन दानव आज बना
सत्य के सूरज पर छाया है पापी मेघ घना
दया धरम की जगह दिलो में नफरत करे बसेरा
स्वारथ के सब संगी साथी पग पग पाप का डेरा
जिस और भी देखो मचा है हाहाकार
साई फिर से लो अवतार
देवा फिर से लो अवतार
मेरे साई कुछ तो बोलो हो ....

कहीं जले अबला की होली, धर्म के नाम पे दंगा
शिव की जटा संवरने वाली मैली हो गई गंगा
भगवद गीता रामायण तो रह गई एक कहानी
सस्ता खून हुआ कलयुग में, महंगा हुआ है पानी
सुन कर आओ भक्तों की करुण पुकार
साई फिर से लो अवतार
देवा फिर से लो अवतार
मेरे साई कुछ तो बोलो हो ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%88-%e0%a4%ab%e0%a4%bf%e0%a4%b0-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%85%e0%a4%b5%e0%a4%a4%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-rahul-rana/